राज्यपाल सचिवालय
राजभवन जयपुर

अजमेर दरगाह का 808 वां उर्स

राज्यपाल श्री कलराज मिश्र की ओर से चादर गुरूवार को पेश होगी

जयपुर, 26 फरवरी। राजस्थान के राज्यपाल श्री कलराज मिश्र की ओर से अजमेर के ख्वाजा हजरत मोइनुद्दीन हसन चिश्ती की दरगाह में 808 वें उर्स के मौके पर गुरूवार को चादर पेश की जायेगी।

बुधवार को यहां राजभवन में राज्यपाल श्री कलराज मिश्र और राज्य की प्रथम महिला श्रीमती सत्यवती मिश्र ने दरगाह पर चढ़ाई जाने वाली चादर और संदेश राज्यपाल के सचिव श्री सुबीर कुमार की मौजूदगी में डॉ. लोकेश चन्द्र शर्मा को सौंपी।

राज्यपाल के प्रमुख विशेषाधिकारी श्री गोविन्द राम जायसवाल व राज्यपाल के सहायक निदेशक (जनसम्पर्क) डॉ. लोकेश चन्द्र शर्मा गुरूवार को अजमेर पहुँचकर दरगाह में प्रातः नौ बजे चादर पेश करेंगे। इस मौके पर राज्यपाल के परिसहाय श्री हर्षवर्धन अग्रवाला, विशिष्ठ सहायक श्री ज्ञानचंद जैन और निजी सचिव श्री विवेक शुक्ल मौजूद थे।

फोटो – 1

राज्यपाल ने सड़क हादसे पर दुःख जताया

जयपुर, 26 फरवरी। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने बूंदी जिले के लाखेरी में कोटा– लालसोट मेगा हाइवे पर कोटा से सवाईमाधोपुर जा रही लोगों से भरी बस मेज नदी में गिरने से हुई मौतों पर गहरा दुःख जताया है। राज्यपाल श्री मिश्र ने इस हादसे में हुई आकस्मिक मौतों पर संवेदना व्यक्त की। राज्यपाल श्री मिश्र ने दुर्घटना में सभी मृतकों की आत्म शांति के लिए परमात्मा से प्रार्थना की है और परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की है।

स्वर्गीय रतन लाल को श्रद्धाजंलि

जयपुर, 26 फरवरी। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने सीकर निवासी हैड कांस्टेबल रतन लाल को श्रद्धाजंलि दी है। राज्यपाल श्री मिश्र ने दिवंगत आत्मा की शांति और शोक संतप्त परिजनों को इस दुःख को सहन करने की शक्ति प्रदान करने के ईश्वर से प्रार्थना की है।

———

डॉ. लोकेश चन्द्र शर्मा
सहायक निदेशक, (जस.) राज्यपाल